## खबर संक्षेप

### आरएसएस का शस्त्र पूजन एवं विशाल पथ संचलन दिनांक 15 अक्टूबर 24 को

**मण्डला।** सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज के बीचसमय समय पर वर्ष मे विभिन्न उत्सव मनाता है, हिन्दू समाज द्वारा क्वार मास मे शक्ति की उपासना( देवी ) बड़ी धूमधाम से की जाती है, इसी निमित्त विजयादशमी पर्व पर 15 अक्टूबर को शस्त्र विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया है। पथ संचलन सायं 4:30 बजे लालीपुर सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो गुजरेगा। आरएसएस ने नगर के गणमान्य नागरिकों एवं स्वयंसेवकों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### दिव्यांगजनों को उपकरण हेतु चिन्हांकन शिविर संपन्न हुआ

**मण्डला।** भारत सरकार द्वारा संचालित एडिप योजनांतर्गत एलिम्को द्वारा 14 अक्टूबर 2024 को जनपद पंचायत नारायणगंज निवास एवं बीजाडांडी सम्मिलत निकायों के दिव्यांगजनों को उपकरण हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत पंचायत नारायणगंज के 116, जनपद बीजाडांडी 11, जनपद निवास 6 हितग्राही का चिन्हांकन परीक्षण किया गया। जिसमें कुल 51 दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किये गये। 13 हितग्राहियों के यूडीआईडी कार्ड जारी किये गये। साथ ही 13 हितग्राहियों को सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन किया गया है। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद श्री गौरी शंकर डहेरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## समय पर नहीं पूरा हो रहा काम-जनता परेशान

# विकासखण्डों में दम तोड़ता जल जीवन मिशन

*** विभाग की भूमिका संदेह के घेरे में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





केंद्र सरकार की अति महत्वाकांछी योजना जल जीवन मिशन जिसके तहत हर घर जल पहुंचना था, मंडला के ब्लॉक मुख्यालय नारायणगंज में ही दम तोड़ती हुई नजर आ रही है। यहां पर आज दिनांक तक लोगों को घरों में टोंटी से पानी नहीं मिल रहा है, जबकि यहां काम 2023 में ही पूरा होकर आम जनता तो को शुद्ध जल प्राप्त कराना था परंतु पीएचई विभाग की उदासीनता के चलते और ठेकेदार को अपनी मनमर्जी चलाने देने वाली मंशा से यहां जल जीवन मिशन का बंटाधार हो रहा है।

### बैगाटोला में पानी की परेशानी



नारायणगंज के बैगा मोहल्ला में आज तक जल जीवन मिशन का पाइप तक नही बिछाया गया है, जबकि ठेकेदार को पीएचई विभाग के कहने पर खैरी ग्राम पंचायत द्वारा संप बनाने हेतु जगह एक साल पहले ही दे दी गई थी, वहीं जानकारी अनुसार सम्प का कार्य भी अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। जबकि पीएचई विभाग द्वारा बोर भी काफी समय पहले ही करा दिया गया है, परंतु संबंधित ठेका कंपनी कार्य पूर्ण नहीं कर रही।

### नारायणगंज में भी नहीं मिल रहा पानी

यही स्थिति नारायणगंज मुख्यालय की भी है, वहां पर तो विभाग द्वारा बोर काफी समय पहले ही करा दिया गया है और साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा टंकी निर्माण हेतु जगह भी आवंटित कर दी गई है परंतु संबंधित ठेका कंपनी ने आज दिनांक तक कोई भीकार्य मुख्यालय में नहीं किया गया है। जिससे आधे से ज्यादा गांव को पानी आसानी से नसीब नही हो रहा है।

### ठेकेदार पर मेहरबान है विभाग

इतना लंबा समय व्यतीत हो जाने के बाद भी ठेका कंपनी द्वारा कोई ठोस कार्य नहीं किए जाने के बाबजूद उस पर काला सूची में नाम शामिल करने की कार्यवाही हो जानी थी और साथ ही ठेका निरस्त कर नया ठेका जारी हो जाना था परन्तु पीएचई विभाग द्वारा किसी भी तरह की कोई भी ठोस कार्यवाही आज दिनांक तक नही की गई है, बल्कि खानापूर्ति के लिए नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारियों से इतर इतिश्री कर ली जाती है।

### बैगाओं के हित का भी नहीं है ध्यान

केंद्र और राज्य सरकारें बैगाओ के लिए जन मन और न जाने कितनी योजनाएं चला रही हैं, परन्तु पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी जब इन विशेष पिछड़ी जन जातियों को वो भी ब्लॉक मुख्यालय में तक आसानी से नसीब न हो तो आप तमाम चलती योजनाओं की जमीनी हकीकत का अंदाजा स्वयं ही लगा सकते हैं।

### कलेक्टर बदले पर काम शून्य

जल जीवन मिशन का का कार्य पूर्व कलेक्टर सलोनी सिडाना के समय से ही शुरू होना था और ठेका शर्तों के अनुसार एक साल के भीतर की समयावधि में काम खत्म होकर लोगों को नलों से पानी मिल जाना था परंतु सालों बाद भी काम के नाम पर शून्यता ही है। इसके विपरीत विभाग को भी कोई खास रुचि नहीं है कि बैगा एवं अन्य लोगों को पानी नलों से मिल सके।

### पीएचई मंत्री रह चुकी यहां से जिला सदस्य

ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश सरकार में पीएचई मंत्री इसी छेत्र से जिला पंचायत सदस्य जीत कर अध्यक्ष निर्वाचित हुई थी और अब उन्हीं के पूर्व के इस छेत्र के हालात ऐसे हैं कि उनके ही विभागीय कार्य भारी मात्रा में अधूरे पड़े हैं। इस पर लोगों ने अपनी राय देनी भी शुरू कर दी है कि जब मंत्री जी अपने ही जिले में अपने ही विभाग की योजनाओं का लाभ बैगाओं और अन्य लोगों को नही दिला पा रही हैं तो पूरे प्रदेश की क्या स्थिति होगी?

### ठेका एजेंसी के साथ अधिकारियों की भी हो जिम्मेदारी तय

आम लोगों का अब मत है कि सरकार की इतनी महती योजना को भी ठेका कंपनी बिना अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के बट्टा नही लगा सकती, इसमें अधिकारियों की भूमिका और नियत की भी जांच होनी चाहिए और सालों बाद भी कार्य न करने वाली ठेका कंपनी पर कोई ठोस कार्यवाही क्यों नहीं की गई इस पर अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही होनी चाहिए।

## न्यू जर्सी प्री स्कूल में मनाया गया नवरात्रि महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

न्यू जर्सी प्री स्कूल में नवरात्रि सेलिब्रेशन आयोजित किया गया जिसमें नन्ही बालिकाएं दुर्गा माता के नौ रूपों माँ शैलपुत्री, ब्रम्हचारिणी, चन्द्रघंटा, कुष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी एवं सिद्धीरात्रि में विभूषित हुईं। इस आयोजन में सर्वप्रथम माता की आरती में आराधना स्तुति गीतों से भक्ति की गई। इसके उपरांत माता रूपी नन्ही बालिकाओं की पूजा अर्चना की गई। नन्ही बालिकाओं ने माता के नौ स्वरूपों को प्रस्तुत किया। मातारानी के वेश में सजी नन्ही बालिकाओं के मनमोहक रूप ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जिससे पूरे माहौल में नवरात्रि की ऊर्जा और उल्लास का संचार हुआ। इस दौरान बच्चों को डांडिया डेकोरेशन भी सिखाया गया आयोजन हॉल को बहुत सुंदर डेकोरेट किया गया। इस दौरान प्रिंसिपल सीता परतेती, कॉर्डिनेटर अनुशिका दुबे, शिक्षिका रूपाली कछवाहा, आस्था जैन, सेजल देहवरा, कशिश रेहदवानी, केयर टेकर गायत्री परतस्ते, अजनी मरकाम सहित अन्य शिक्षणगण के साथ बच्चों के पालक उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजनों के लिए 18 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर

**मण्डला।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट ने एडिप योजना अंतर्गत एलिम्को द्वारा 18 अक्टूबर तक जिले के निकायों में दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के लिए शिविरों का आयोजन करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक नगरपालिका मंडला, जनपद पंचायत मंडला और नगरपालिका परिषद बम्हनी बंजर में 15 अक्टूबर 2024 को शिविर लगाया जाएगा। नगर परिषद बिछिया, ज.पं. बिछिया, ज.पं. मवई में 16 अक्टूबर को, जनपद पंचायत नैनपुर व नगर पंचायत नैनपुर में 17 अक्टूबर और जनपद पंचायत मोहगांव व जनपद पंचायत घुघरी में 18 अक्टूबर को शिविर लगाए जाएंगे।

### शास हाई स्कूल घोंटा में वितरित की गई साइकिल



**भूआबिछिया।** पीएम साइकिल योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोंटा में कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को निशुल्क सायकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमति सुलोचना मोंगरे, ग्राम पंचायत घोंटा के सरपंच श्रीमती सविता भवेदी, उपसरपंच महेन्द्र सिंह कुंजाम छात्र छात्राओं के पालकों एवं संस्था में पदस्थ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की गरिमामय उपस्थिति में वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती मोगरे ने सभी पालकों को कहा कि अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजेने की समझाइश दी एवं शिक्षा के गुणों के बारे में जानकारी दी बिना शिक्षा के जीवन में कुछ संभव नहीं शिक्षक कुंजाम के द्वारा विद्यालय में सायकिल वितरण कर सभी छात्रों को बधाई दी, ओर नियमित विद्यालय आने छात्रों से अपेक्षा की।

## 17 अक्टूबर को विशाल इनामी दंगल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

विगत 66 वर्षों की भांति अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ते हुए इस वर्ष भी दुर्गा व्यायाम शाला नारायणगंज के तत्वाधान में 17 अक्टूबर 2024 दिन गुरुवार को विराट इनामी दंगल का आयोजन किया जा रहा है विगत वर्ष 180 कुश्ती संपन्न हुई थी जिसमें विजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार शील्ड व कप प्रदान किए गए थे इस विशाल इनामी दंगल में आसपास के सभी व्यायाम शालाओं के पहलवान और उनके उस्ताद खलीफा को भी बुलाया जाता है इसमें दंगल में प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए स्वर्गीय श्री कैलाश सोनी बीजाडंडी की स्मृति में उनके पुत्र विकास विपिन आकाश अमर और अमन की ओर से दिया जा रहा है दूसरा पुरस्कार 8000 रूपये स्वर्गीय श्री राम रतन पटेल की स्मृति में उनके पुत्र महेश सोमनाथ गणेश पटेल झुरकी बालों की ओर से दिया जा रहा है, तीसरा पुरस्कार 6500 स्वर्गीय श्री हुकुमचंद नागेश्वर की स्मृति में उनके पुत्र दीपक नागेश्वर द्वारा पहलवानों को दिया जा रहा है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैनसिंह बरकड़े कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विजय सरवटे विशेष अतिथि रामलाल पटेल ललिपुर पवन साहू नारायणगंज विशिष्ट विशेष अतिथि के रूप में राजेंद्र बरकड़े टिकरिया वीरेंद्र सिंगरौर खैरी रामगोपाल बड़े नारायणगंज राजेंद्र सोनी दुर्गा व्यायाम शाला नारायणगंज के संरक्षक मागन सोनी चंद्रशेखर तिवारी अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल कोषाध्यक्ष रघुनंदन विश्वकर्मा सचिव नरेश कुमार सोनी दुर्गा व्यायाम शाला नारायणगंज संचालन व्यवस्था राजकुमार तेकाम सरपंच ग्राम पंचायत पड़रिया श्रीमती शांति बाई परस्ते सरपंच ग्राम पंचायत खैरी प्रचार प्रसार व्यवस्था राजेश सोनी मनोज सोनी संदीप सोनी बंटू सिंगरौर सुरेंद्र सोनी ज्ञात होवे विगत वर्ष लेडिस पहलवानों द्वारा 26 कुश्ती हुई थी इस वर्ष भी दंगल में लेडिस पहलवानों द्वारा कुश्ती का प्रदर्शन किया जाना है यह दंगल जिले का सबसे बड़ा दंगल है जिसमें मंडला जबलपुर सिवनी बमनी बंजर नैनपुर कटनी बरेला दमोह सागर उमरिया पनागर जमुनिया छपरा लखनादौन केवलारी इसलिमाबाद पडवार घंसौर पुनिया गोरखपुर हिनोतिया गाडर खेड़ा बिल नगरी कुटेली अमाननाल उदयपुर देवरी बामनी बालाघाट बावलिया निवास धूमा एवं हरियाणा आदि जगहों में पहलवान अपना कौशल प्रदर्शन करने आते हैं विजेता पहलवानों को 301 रुपए से लेकर 10001 रुपए तक की कुश्ती होती हैं एवं शील्ड की व्यवस्था रखी गई है।

## नवरात्र के बाद भी गरबा और डांडिया का आयोजन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नवरात्र के बाद भी गरबा और डांडिया का आयोजन जारी है। रविवार रात्रि में मां कालिका उत्सव समिति मुक्ति मार्ग में सांकृतिक कार्यक्रम 'गरबा डांडिया और भक्ति गीत पर नृत्य का आयोजन किया। जो देर रात्रि तक जारी रहा।

गरबा महोत्सव का शुभारंभ माँ आदिशक्ति दुर्गा-मां काली की स्तुति- आरती के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें महिलाओं ने सनातन संस्कृति की प्रस्तुति भारतीय परिधानों में गरबा कार्यक्रम में पारम्परिक धार्मिक गीतों में उत्साह पूर्वक सहभागिता दर्ज कराकर प्रस्तुती की। कालिका उत्सव समिति द्वारा प्रथम बार आयोजित गरवा डांडिया नृत्य के आयोजन की महिलाओं ने चन्द दिनों में तैयारी की। अभ्यास,और लग्न ने गरबा नृत्य में प्रतिभागियों को दक्ष कर दिया जो उनकी प्रस्तुति के दौरान एक एक क़दम पर पर प्रदर्शित हो रही थी। गरबा हेतु कीर्ति नामदेव, शशि मिश्रा, सीमा यादव ने मार्ग दर्शन एवं तैयारी कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

उत्साहित महिलाओं ने सामूहिक नृत्य गायन माता की स्तुति, देवी गीत पर गरबा एवं डांडिया की नयनाभिराम प्रस्तुती, आकर्षक वेशभूषा में बड़ी संख्या में महिलाओं बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक प्रस्तुती देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गरबा डांडिया नृत्य में कीर्ति नामदेव, सीमा यादव, यामिनी नामदेव, अल्पना गोस्वामी, पल्लवी यादव, सरोज यादव, चांदनी यादव, पूजा हरदहा, रुपा यादव, शिवांगी नामदेव, कंचन झारिया, निशा सेठ, शिल्पा नामदेव,संजू सिंह, सुखरानी यादव, आशी हरदहा, आयुशी यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता दी।

**समीक्षा** | समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें।

# कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

*** न्यायालयीन प्रकरणों को दें प्राथमिकता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि समय सीमा में लम्बित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें। लम्बित प्रकरणों की अवधि किसी भी स्थिति में एक सप्ताह से अधिक नहीं होनी चाहिए। मानव अधिकार और न्यायालयीन प्रकरणों का भी निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दावा निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत होना चाहिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा सोमवार को जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में समय सीमा पत्रकों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम घुघरी सीएल वर्मा, एसडीएम निवास शाहिद खान, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, डिप्टी कलेक्टर लालशाह जगेत सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए 24 अक्टूबर को विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उक्त शिविर के लिए सभी विभाग प्रमुखों को अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की जानकारी भेजने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आयोजित शिविर में सभी विभाग अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को झंडा दिवस की राशि तीन दिवस में जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इसी प्रकार से सभी जनपदों में मनरेगा से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। सभी जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को मनरेगा के लक्ष्य की पूर्ति समय सीमा में करने को कहा। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इसी प्रकार से विभागों के द्वारा दस वर्ष पुराने संचालित खातों के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बैठक में 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले महाकुंभ आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। महाकुंभ स्थल के लिए सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि आगामी शनिवार को नर्मदा सेवा अभियान के तहत साफ सफाई व श्रमदान का कार्यक्रम संगमघाट में संपन्न किया जाएगा। उन्होंने उक्त कार्यक्रम के लिए सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपने के निर्देश दिए हैं। जिससे नर्मदा सेवा अभियान में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, समाजसेवी, व्यापारी और नागरिकों की सहभागिता बढ़ सके।

## मध्यप्रदेश में अबोध बालिकाओं के साथ बलात्कार की घटना को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त निर्देश पर कल मण्डला लोकसभा के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के निज निवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम को ज्ञापन सौंपा गया जिला कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष विवेक दुबे ने बताया कि प्रदेश में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में लगातार अबोध बालिकाओं जिनमें एक वर्ष से लेकर 10 वर्ष तथा 70-75 वर्ष तक की बुजुर्ग महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं निरन्तर हो रही है जहां तक कि छोटी-छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार एवं हत्या होना आम बात हो गई है जिसके परिणाम स्वरूस्प प्रदेश में बालिकाओं एवं महिलाओं का जीवन संकट में पड़ गया है एवं महिला अत्याचार में प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर नंबर एक पर पहुंच गया है जिससे समस्त प्रदेशवासियों का सिर शर्म से झुक गया है।

चिन्ता की बात यह है कि प्रदेश में पौने तीन साल में हजार के करीय बलात्कार की घटनाएं हो चुकी है जिसमें बलात्कार एवं गैंग रैप की घटनाओं के कारण छोटी-छोटी बच्चियों, छात्राओं का स्वतंत्र रूप से भ्रमण करना मुश्किल हो गया है, परिवार के मुखिया हमेशा इस बात से चिंला में रहते हैं कि उनके छोटे छोटे बच्चे कहीं किसी अनहोनी घटना के शिकार न हो जाएं। पिछले दिनों ग्वालियर, अनूपपुर, टीकमगढ़, राजगढ, शहडोल, डिंडौरी, जबलपुर, उज्जैन, भोपाल, खंडवा, रायसेन, दतिया, रीवा, हरदा, नर्मदापुरम, मुरैना आदि स्थानों पर बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ बलात्कार एवं उनकी हत्याओं की घटनाएं हो चुकी है जिससे आमजन का जीवन मुश्किल में आ गया है।

मण्डला लोकसभा के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते आप क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रदेश में लगातार छात्राओं, महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं, हत्या की रोकथाम हेतु लगातार प्रभावी कदम उठाएं तथा प्रशासन पुलिस प्रशासन पूरी गति के साथ इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु आवाज उठाने के साथ ही बच्चियों के साथ हो रहे दुराचार को लेकर सोशल मीडिया में इसके रोकथाम हेतु अपने प्रभावी संदेश को प्रसारित करे ताकि प्रदेश में कानून व्यवस्था दुरुस्त होने के साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं का जीवन सुरक्षित हो सके। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी योगेश उपाध्याय, इंद्रजीत भंडारी, नंदू भाईजान, विनोद चौधरी, आलोक जैन, इकबाल खान, रेशमा अल्वी, राहुल श्रीवास आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छोटे भाई की पत्नी के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचाई

**गाडरवारा।** निश्चित तौर से हमारी संस्कृति में छोटे भाई की पत्नी को जहां बेटी की तरह दर्जा देते हुये उसका सम्मान किया जाता है। मगर कुछ लोग इस तरह से होते है कि उनके साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मटवारा में देखने मिली है जहां पर रिस्ते के जेठ ने अपने छोटे भाई की पत्नी के बाल पकड़ते हुये मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा पुलिस थाने में की गई शिकायत में बताया है कि जब वह रात के समय अपने घर पर थी उसी समय उसका जेठ यानि की पत्नी का बड़ा भाई टीकाराम स्वामी आया और प्राथिर्या के पति को आवाज लगाये जाने पर प्राथिर्या द्वारा कहा की वह गांव में घूमने गये है। तो आरोपी जेठ द्वारा अपने छोटे भाई की पत्नी को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुरानी बुराई को लेकर महिला को जान से मारने की धमकी देते हुये की तोड़फोड़

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर थी उसी समय मनीष अग्रवाल आया और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगा। प्राथिर्या द्वारा जब गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा घर में रखते हुये समान में तोड़फोड करते हुये क्षति पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### डंडे से मारपीट कर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस स्थानीय त्रिवेदी कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि में जोनडियर ट्रेक्टर शोरूम पर सेल्स का काम देखता हूँ और बीते हुये दिवस जब मैं गाडरवारा से सालीचौका शोरूम के काम से अकेले अपनी मो.सा. से जा रहा था। उसी समय ग्राम नांदनेर रेशम केन्द्र के पास पहुंचा तभी नांदनेर के रहने वाले अमर यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर मेरी मोटर साईकिल रो गया तो जब मैनें पूछा क्या बात है। तो अमर यादव मुझसे शराब पीने के लिए 500 रूपये मांगा मैनें पैसे देने से मना किया तो अमर यादव अपने साथियों के साथ मिलकर मुझे गंदी- गंदी गालियां देने लगा जो सुनने में बुरी लग रही थी । मैनें गालियाँ देने से मना किया तो अमर यादव ने अपने हाथ में रखे लड़की के डंडे से और उसके अन्य दो साथियों ने मेरे साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्राथी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

#### घरों की पुताई सामग्री के भाव आसमान पर होने से घरों का रंग रोगन कराना हुआ मुश्किल

# लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते लोगों को दीवाली की तैयारियाँ पड़ रही भारी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हर साल देखा जाता है कि दशहरा पर्व समाप्त होते ही दीपावली त्यौहर की तैयारियों को लेकर शहर का बाजार सजने लगता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी दिखाई देने लगा है और लोग अब अपनी घरों की पुताई सफाई की तैयारियों की ओर अग्रसर होते हुये दिखाई दे रहे है। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि जनता के पैसा का दुरूपयोग करते हुये फ्री की रेवडी बाटने के चक्कर में लगातार महंगाई में हो रहे इजाफा के चलते हर चीज महंगी बिकने लगी है। वही आलम यह है कि भीषण महंगाई के चल रहे दौर में लोगों के लिए घरों की पुताई, मरम्मत कराने के साथ गरीबों को अपने आशियाने ठीक करना मुश्किल हो रहा है। हालत यह है कि महंगी सीमेन्ट, रेत बिकने से आमजन परेशान हो रहे है और उन्हें घरों का रंग रोगन कराने के लिए परेशान होने मजबूर होना पड़ रहा है। इन दिनों वैसे ही मंहगाई अपना बिकराल रूप धारण किये हुई है। वही डीजल पेट्रोल के दामों का असर भी इस समय बाजार में रंग, पेन्ट, बार्निश, डिस्टेम्पर कीमतो पर असर डालने से नही चूक पा रहा है। पुताई सामग्री की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने से हर सामग्री लगभग 20 से 30 प्रतिशत उछाल आया है। इस स्थिति के चलते विशेष तौर से मध्यमवर्गीय लोग अपने घरों को संवारने की चाहत रखने वाले अपने घरों के बजट में कटौती करने के लिये मजबूर देखे जा रहे है। इस स्थिति में कई तरह की समस्याओं का सामना करते हुए अपने घर में लक्ष्मी जी के कदम पड़ने की आशा में लोग घरों का रूप रंग निखारने में जुटे हुए तो देखे जा रहे है। मगर अनेक लोग इस प्रकार से लगातार बढ़ रही महंगाई के चलते हर साल अपनी घरों की पुताई में इतना



खर्च नही कर पाने के कारण अब वह एक वर्ष के अंतराल से पुताई कराने की सोच बनने मजबूर हो रहे है? दीवाली की तैयारियों को लेकर इन दिनों लोग अपने घरों की पुताई, दरबाजो, खिडकियों में पेन्ट करने वाले मजदूरों की कमी होने से शहरवासियों को सुबह, शाम मजदूरों को तलाशने भटकना पड़ रहा है। नगर की पुराना गल्ला मंडी, झंडाचौक पर काम की तलाश में आये मजदूर महंगाई का हवाला देकर मुंह मांगे पैसों से काम करने मुश्किल से तैयार हो रहे है। ऐसे में नगर के मध्यमवर्गीय, गरीबों को अधिकतर लोगों की पुताई नही हो पा रही है। रंग पेन्ट के विक्रेताओं का कहना है कि चूने को छोड इस साल निश्चित ही रंग पेन्टो पर विकराल मंहगाई की छाया पड़ गई है। देखा जावे तो किसी भी प्रकार से लोग अपने घरों की रंग पुताई कराने से तो नही चूक रहे है जिसके चलते इस समय बाजार में रंग पेन्ट की दुकानों पर लोगों का भीड़ देखने मिल रही है। वही दूसरी ओर रंगों की अनेक प्रकार की बैरायटी के चक्कर में भी आमजन की जेबे खाली हो रही है तो दूसरी ओर



लगातार बढ़ रही मंहगाई के दौर में लोगों को अपने घरों की पुताई करना एक शादी समारोह को संपन्न कराने के समान जान पड़ रहा है। इस तरह घरों की पुताई करने के लिए लोग अनुभवी मजदूरों की खोज में इतने परेशान होते हुए देखे जा रहे है। क्योंकि लोगों को इस बात की चिंता भी सताती रहती है कि जब कोई मजदूर बिल्डिंग या फिर दीवार पर चढ़कर कार्य करता है तो उसकी जान के लिए खतरा भी बना रहता है? इस स्थिति में अनुभवी कार्य करने बाले मजदूरों के रेट अधिक देखने मिल रहे है, इस प्रकार से शहर में चल रहे पुताई के कार्य के चलते अनेक मजदूरों को अपने बच्चों का पेट भरने के लिए पूर्णरूप से अपनी जान को जोखिम में डालकर काम करते हुए देखा जा रहा है। इस स्थिति में मजदूरों से चर्चा की गई तो उनका कहना रहता है कि बड़ी बिल्डिंगों की पुताई का कार्य वह इस स्थिति में लेते है कि उन्हें उससे अच्छा पैसा मिल जाता है। यह बात सत्य है कि जब बड़ी बिल्डिगों पर कार्य करते है तो जान के लिए खतरा बना रहता है..? क्योंकि



अधिकांश जहां खुले मैदान में तो होती नही है उनके ऊपर रस्सी का झूला डालकर ही काम करना पड़ता है। इस स्थिति में निश्चित तौर से जान के लिए खतरा रहता है । वैसे भी शहर में देखा जावे तो जहां तहां फैली हुई बिजली लाईनों का भी भय सतता रहता है। क्योंकि बिजली न तो किसी गरीब की मजबूरी को समझती है और न ही किसी असरदार के प्रभाव को और इस स्थिति में जरा सी चूक मजदूर की जिन्दगी को दाव पर लग सकती है। मगर क्या करे अपने व बच्चों के पेट की खातिर इस प्रकार से जिन्दगी दांव पर लगाकर काम करने के लिए मजबूर तो होना ही पड़ता है? वही कुछ मजदूरों द्वारा अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिस प्रकार से वह दिन भर अपनी जान को हथैली पर रखकर कार्य करते है। मगर इस मजबूरी को भवनों के धनवान मालिक कभी नही समझते है उन्हें तो सिर्फ काम अच्छा चाहिए इसके बाद जब काम के बदले पैसा लेने की नौबत आती है तो अनेक बडे लोगों द्वारा तुरंत पैसा देने की जगह कई दिनों तक चक्कर लगवाने से भी नही चूकते है, इसके साथ साथ काम करते वक्त यदि उनके किसी समान को चूक बस कोई क्षति पहुंच जाती है तो उसका पैसा काटने से भी नही चूकते है? माध्यमवर्गीय लोग तो काम के बदले में पैसा देने में उतना परेशान नही करते है मगर धनवानों की महिमा तो भगवान ही नही समझ पाता है। इतना ही नही अधिकांश धनवान लोग बाजार से जब हम लोगों से जो रेट तय करके लाते है काम के बाद उसमें भी कटौती करने की बात करने में नही चूकते है? इस स्थिति में हम लोगों द्वारा किसी धनवान के घर काम करने जाने के पहले यह सोचने के लिए मजबूर हो जाते है कि क्या पता काम करने के बाद पैसा कितने दिन में और पूरा मिल पायेगा कि नही..? इस प्रकार की सच्चाई वाले नगर में अनेक लोग मिल सकते है जो काम कराने के बाद भी मजदूरी का पैसा देने के लिए या तो चक्कर कटवाने के लिए हम गरीबों को मजबूर कर देते है और पैसा देने के समय में तय शुदा रेट में कटौती करने से नही चूकते है? मगर इसके बाद भी हम लोगों को बच्चों के पेट की खातिर सब कुछ सहते हुए काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है, रोज घर से निकलते वक्त भगवान से यही प्रार्थना करते हुए निकलते है कि है भगवान आज कोई अच्छे गरीबों की मजबूरी को समझने वाले व्यक्ति के घर काम मिले जिससे शाम के वक्त घर आते समय हाथ में पैसा लेकर ही वापिस अपने घर को पहुंचे जिससे रात के समय बच्चें भर पेट भोजन करके सौवे? इस प्रकार की सच्चाई के चलते नगर में अनेक मजदूरों को अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हुए देखा जा रहा है।

# गाय माता के मामले में दो दिन का समय बीते जाने के बाद भी सालीचौका पुलिस के हाथ नजर आ रही खाली

### घटना के तिथि को लेकर अनेक प्रकार की चर्चाओं का हो रहा बाजार गर्म...?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** समीपस्थ बाबई कला खिरिया मार्ग पर विजयादशमी के मौके पर जिस तरह गाय माता का शरीर क्षत विक्षत स्थिति में पाया गया था उसे देखकर यह प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि निश्चित तौर से किसी के द्वारा गौमाता की हत्या करते हुये उसके अंगों को खेत में फैका गया है? इस घटना को लेकर ज्यों ज्यों समय बीतते चला जा रहा है त्यौं त्यों लोगों में आक्रोश का महौल बनने से नही चूक रहा है। क्योंकि घटना के आरोपियों को पकड़ने के मांग करते हुये पहले दिवस जहां सालीचौका व्यापारी संघ तथा नगर के समाज सेवी गौ भक्त अमरीश राय (गोलू भैया) पवन शुक्ला, सूरज राय, गोलू गुप्ता, चिन्टू गुप्ता, वीरेश राय, जितेन्द्र कठर, राजा सोनी, प्रशांत कौरव सहित सैकड़ो लोगों द्वारा एकत्र होकर नगर बंद करते हुये अपना विरोध प्रकट किये जाने के बाद अब जिले के अनेक शहरों के साथ साथ पडौसी जिले में भी इस घटना की निंदा करते हुये आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठना शुरू हो गया है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो



जिस तारीख में इस तरह गौवंश के अंग पाये गये थें उस समय तथा तिथि की सच्चाई को लेकर घटना पर अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर इस मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये पुलिस द्वारा आरोपियों को शीघ्र पकड़ने का पुलिस द्वारा भरोसा तो दिलाया जा रहा है। मगर आज घटना को दो दिन से अधिक का समय बीते जाने के बाद भी आरोपियों की खोज खबर करने में सालीचौका पुलिस के हाथ जिस तरह खाली के खाली नजर आते हुये दिखाई दे रहे है वह पुलिस की काबिलियत पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहे है? क्योंकि जिस हाल में गाय के पैर व बोरी के अंदर बंद स्थिति में सिर पाया गया था उसके बाद शरीर का शेष भाग गायब होना अनेक संदेहों को जन्म देने से नही चूक रहा है..? इस तरह देखा जावे तो पुलिस के लिये इस मामले की गुत्थी सुलझाना निश्चित तौर से एक चुनौती साबित होते हुये दिखाई दे रहा है। क्योंकि पुलिस के सामने आरोपियों की खोज करने के साथ साथ उन्हें गिरप्तार करने के आलवा गौवंश का शेष भाग का पता लगाना भी जरूरी बन गया है..? क्योंकि आमजन की नजरों में किसी मामले की गुत्थी सुलझाने में सफलता तभी मानी जा सकती है जब उस मामले से जुडे हुये हर संदेह का आमजन की नजरों में संतोष जनक खुलासा हो सके..? क्योंकि पुरानी कहावत है कि जब पुलिस द्वारा अपनी पर आ जाती है तो फिर मुर्दे भी बोलना शुरू कर देते है तो फिर किसी अपराध को स्वीकार करना तो पुलिस के लिये बाये हाथ का खेल समझा जाता है? मगर उस अपराध से जुडे हुये हर संदेहों से जब पुलिस द्वारा पर्दाफास किया जाता है तो पुलिस की सफलता पर संदेह के बादल नही मडरा पाते है। क्योंकि कुछ इसी प्रकार से यह मामला भी पूर्णरूप से पुलिस के लिये चुनौती पूर्ण बनने से नही चूक पा रहा है। अब देखना है कि सालीचौका क्षेत्र में घटित हुये गौवंश मामले के आरोपियों की खोज खबर लेने के साथ गौ माता के शरीर के शेष भाग का पता लगाने में सालीचौका पुलिस कब तक सफल होती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा..? क्योंकि गन्ने के खेत में गौवंश के पैर व सिर ही पाया गया था शरीर का शेष भाग गायब रहना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है। इस स्थिति में देखा जावे तो इस मामले में पुलिस के लिये आरोपियों की खोजबीन करते हुये उन्हें गिरप्तार करने के साथ साथ गौवंश के शेष भाग खोज करना ही इस मामले की सफलता पर पूर्ण विराम लगा पायेगा।



## माँ दुर्गा की शक्ति को नमन...जगत जननी के आर्शीवाद से भक्त कर लेते हैं त्रिशूल आर पार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जब किसी व्यक्ति के पैर में जरा सा कांटा लग जाता है तो उसका कई दिनों तक चल पाना भी मुश्किल हो जाता है तो दूसरी ओर जब बीमारी के दौरान डाक्टरों द्वारा मरीज को इंजेक्शन लगाया जाता है तो उसकी भी दहशत रहती है? मगर वही दूसरी ओर माँ दुर्गा की शक्ति इस तरह से होती है कि उनके भक्तों को जब भाव आते है तो वह माँ भगवती का नाम लेकर एक भारी भरकम त्रिशूल को अपने गाल के आर पार करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर अनेक भक्तो को लोहे की कीलों से बनी हुई पटली पर नंगे पैर खड़े होकर नृत्य करते हुये तक देखा जाता है। कुछ इसी तरह की सच्चाई इस समय नगर सहित क्षेत्र के गांवों में शारदेय नवरात्र के दौरान स्थापित किये जबारों में विसर्जन



के दौरान देखने मिल रहा है। वैसे तो अधिकांश जगहों पर दुर्गा प्रतिमाये व जबारों का विसर्जन शनिवार व दूसरे दिन रविवार को हो गया है। वही क्षेत्र में कुछ जगहों पर स्थापित किये गये जवारों का विसर्जन कार्यक्रम तीसरे दिन भी चलते हुये देखा गया। इस तरह नगर में लोगों द्वारा अपनी मन्नते पूर्ण होने के चलते घरों में स्थापित किये जवारों का विसर्जन करने के लिये प्रतिदिन नगर की सड़को से जुलूस निकलते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर जुलूसों में शामिल पंडा लोगों द्वारा जिस तरह अपने गाल से लेकर जीभ में त्रिशुल आर पार करते हुये नृत्य करते हुये देखा जाता है तो निश्चित तौर लोगों के दिलों में माँ दुर्गा की शक्ति को नमन करने से नही चूकते है..। क्योंकि दुनियों में माँ भगवती से बढ़ी दूसरी शक्ति नही होती है और उनकी शक्ति का प्रभाव इस तरह से रहता है कि भक्त लोग लोहे की कील पर खड़े होने के बाद भी माँ अपनी भक्तों को दर्द का अहसास नही होने देते है। इस तरह इस समय चल रहे जवारा विसर्जन के दौरान शहरों से लेकर गांव गांव देखने मिल रहा है जहां पर मातारानी की भक्ति में लीन भक्तों द्वारा अनोखा प्रदर्शन करने से नही चूक रहे है।

## देवरी मिढ़वानी क्षेत्र में आखिरकार किसके संरक्षण में चल रहा है शराब का अवैध व्यापार



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरी मिढ़वानी में जिस तरह शराब का अवैध कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित तौर से जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे आपरेश प्रहार पर ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है..? सूत्रों से मिल रही जानकारियों के अनुसार बताया जाता है कि ग्राम देवरी मिढ़वानी गांव सहित आस पास के क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री का हाल यह तरह से बना हुआ देखा जा रहा है कि मानों द्वारा पर इस अवैध कारोबार को जहां प्रशासन द्वारा पूर्णरूप से छूट प्रदान कर दी गई जिसके चलते किराना दुकान की भाँति लोग किसी भी समय कभी भी शराब खरीदते हुये देखे जा रहे है? इस तरह खुलेआम चल रहे इस शराब के अवैध कारोबार को आखिर किसका संरक्षण मिल रहा है जिसके कारण युवाओं से लेकर अब किशोर तक इस शराब के नशे के आदि बनने के साथ यहां की शांति व्यवस्था को भंग करने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से प्रदेश स्तरीय मार्ग पर बसे हुये इस ग्राम में खुलेआम हो रहे शराब के अवैध कारोबार को लेकर सांईखेड़ा पुलिस सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जाना इस बात की ओर संकेत देते हुये जान पड़ रहा है कि कही इस अवैध कारोबार में किसी प्रभावशाली व्यक्ति के जुडे व्यक्ति का आर्शीवाद तो नही है जो पुलिस प्रशासन द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ लगातार चलाई जा रही मुहिम के बाद भी यहां पर चल रहे शराब के अवैध कारोबर पर अंकुश न लग पाना पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रहा है..?

## प्रधानमंत्री आवास योजना से कई गांवों के वास्तविक पात्र हितग्राही हो रहे बंचित

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रधान मंत्री आवास योजना एवं पूर्व से संचालित होने वाले मुख्यमंत्री आवास व इंदिरा आवास योजना, इन अयोजना के चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है, परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार योजना का लाभ पाने से वंचित हैं? इसके बाद देश के प्रधान मंत्री द्वारा हर आवास हीन व्यक्ति को पक्के मकान बनाकर देने के लिए कही गई बात को पूर्ण करने के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी, जिसके चलते इन योजनाओं के चलते इनके पात्र हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी की लेहर दौड़ गई थी, यदि इन योजनाओं का सही रूप से क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता, परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं? बताया जाता है कि ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं के माध्यम से यह तय किया जाता है कि प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ किसे दिया जाता है और पंचायतों में बैठे हुए सचिवों व ग्राम सहायकों के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ देने के लिए फाइलों की शुरूआत की जाती है, जिसके चलते इस समय देखा जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू



की गई यह प्रधानमंत्री आवास योजना पूर्णरूप से भाई भतीजा बाद की शिकायत होते हुए दिखाई दे रही है और इसके वास्तविक पात्र हितग्राही वंचित रहने के साथ साथ साधन संपन्न लोग इसका लाभ लेते हुए दिखाई दे रहे है? क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि आमजन की अनुपस्थिति के चलते सरपंच, सचिव या फिर रोजगार सहयकों द्वारा अपनी मर्जी के अनुसार नाम तय कर लेते हैं और उसे इस योजना का लाभ मिल जाता है? इसमें वह गरीब जो इसका असली हकदार होता है वह पिछड़ जाता है शिकायते तो इस प्रकार से मिल रहे है कि इस योजना में मिलने वाली दर को यूँ ही गुम कर दिया जाता है, कई बार पूरी राशि और कई बार पहली किस्त के बाद मिलने वाली राशि को गुम कर दिया जाता है, नतीजतन यदि इस योजना से कोई आवास बनाना भी चाहता है तो वह पहली किस्त में मिली राशि के उपयोग के बाद दूसरी किस्त के लिये भटकता ही रह जाता है, इसकी सच्चाई क्षेत्र के अनेक गांवों में आसानी से देखने मिल सकती है। इस प्रकार से प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में आ रही शिकायतों व सच्चाई से बड़े अधिकारी अपरिचित हो ऐसा संभव नही हो सकता है? यदि पंचायतों द्वारा इन योजनाओं का जिन लोगों को लाभ दिया जा रहा है जिनकी निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित ही अनेक चौकाने वाली सच्चाई सामने आने से नही रूक पायेगी कि आखिर में जिस पंचायत में जिन लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया है उनकी आमदानी क्या है और जो बंचित है उनकी आर्थिक सच्चाई क्या है।

# अचानक बेमौसम छाने वाले बादलों को देखकर किसानों के चेहरो पर पड़ रही चिंता की लकीरें

**हरिभूमि न्यूज/सडूमर।** क्षेत्र का किसान जिस प्रकार से बीते हुये कुछ वर्षो से लगातार प्रकृति की मार झेलते हुये रातदिन एक करते हुये मेहनत करने में जुटा हुआ है। मगर इस समय देखा जा रहा है कि जिस तरह आसमान पर छाने वाले बादलों से यह अनुमान लगने से चूक पा रहा है कि शायद प्रकृति की मार इन किसानों का पीछा नही छोडेगी और आसमान की ओर देखकर किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरे स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है..? क्योंकि इस समय जिस तरह बादल छाये हुये और प्रदेश के कुछ भागो से मिल रही जानकारियों के अनुसार अनेक जगहो पर बारिश की खबर मिलने के कारण क्षेत्र का किसान चिंता में पड़ गया है। क्योंकि हर वर्ष देखा जाता है कि जब सारी परेशानियों को झेलने के बाद किसानों द्वारा अपने खेतों में इस उम्मीद के साथ फसल की बोनी की जाती है कि शायद इस बार उनका भाग्य संभल जावेगा और प्रकृति साथ दे देगी। मगर जब खेतों में फसले तैयार होने लगती है तो प्रकृति का खेल इस प्रकार से देखने मिलता है कि किसानों की रातों की नींद गायब होने से नही बच पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में सोयाबीन की फसल पूर्णरूप से तैयार होकर कटने के लिये खड़ी है। मगर बीते हुये कुछ दिनों से जिस प्रकार आसमान पर बादल छाने के साथ मौसम विभाग द्वारा बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है उससे निश्चित ही किसानों की रातों की नींद गायब हो चुकी है। इस प्रकार से देखा जावे तो इस समय जिस प्रकार से बीते हुये कुछ दिनों से आसमान पर बदली



छाने के कारण महौल निर्मित हो रहा है उसके कारण किसानों के खेतों में लहलहाती हुई धान फसलों में इल्ली सहित अन्य प्रकार के रोग लगते हुये देखे जा रहे है। जिसके कारण किसान इन रोगों से अपनी फसलों को सुरक्षित बचाने के लिये हजारों रूपया खर्च करते हुये अनेक प्रकार की कीटनाशक दबाईयों का छिड़काव कर रहे है। यदि इसी दौरान बारिश हो जाती है तो निश्चित तौर से किसानों द्वारा जहां अपनी फसलों की तैयार करने में लगाई गई पूरी लागत पानी में चली जावेगी तो दूसरी ओर क्षेत्र का किसान फिर एक बार बर्बादी की कगार पर पहुंच जावेगा? बोनी के बाद मौसम ने किसानों को साथ दिया गया था उसके चलते निश्चित तौर से किसानों का सोयाबीन की पैदावार की ओर रूख दिखाई देना शुरू हो गया था। मगर यदि प्रकृति धोखा देती है तो निश्चित तौर से किसानों द्वारा सोयबीन फसल को तैयार करने में लगाई गई लागत भी खड़ी हो पाना मुश्किल होने से नही चूकेगा..? इस प्रकार से प्रकृति की मार झेल रही किसान आसमान पर छाने वाले बादलों को देखकर सुख मन से रोटी तक नही खा पा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में ड्रायवर चला रहा था स्कूली वाहन, हुई कार्यवाही



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय अरकंटक तिराहा पर वाहन चेकिंग दौरान स्कूल वेन एमपी 65 जेडए 7281 तेज गति से जा रही थी, वेन को यातायात पुलिस द्वारा रोककर चालक सोनू दाहिया को ब्रीथ एनालाइजर से चेक किया गया, जो चालक शराब के नशे मे वाहन चलाते पाया गया, वाहन के दस्तावेज चेक करने पर वाहन बिना परमिट पाया गया। चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धारा अंतर्गत प्रकरण तैयार किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय अनूपपुर में दर्जनो प्राइवेट विद्यालय संचालित है, लगभग सभी विद्यालयों में नियम विरुद्ध बिना फिटनेस, बीमा, प्रदूषण समेत अन्य कमियों से वाहन संचालित हो रहा है। मगर कार्यवाही कभी कभार ही देखने को मिलती है अगर लगातार कार्यवाही होने लगे तो सभी विद्यालयो में नियम से वाहन संचालित होने लगेगा। जब तक कोई बड़ी घटना नही होती तब तक प्रशासन भी हरकत में नही आता।

### थाने तक पहुंची आपसी मारपीट की शिकायत

**अनूपपुर।** ग्राम भाद निवासी शिवकुमार मिश्रा पिता रामप्रमोद मिश्रा उम्र 33 वर्ष ने थाना भालूमाड़ा मे शिकायत दर्ज कराई है कि उसने 13 अक्टूबर को अपने भांजे को शाम करीब 7 बजे फोन लगाकर बताया कि उदित मिश्रा व प्रहलाद सिंह मुझे पुरानी ग्राम पंचायत के पास मारपीट किये हैं। तब फरियादी अपने घर के सामने भांजे से बात कर रहा था तभी फोन की बातों को सुनकर उदित मिश्रा बोला कि बुला ले कौन गुण्डा है यह कहते हुये लोहे की पाइप लेकर गालियां देने लगा। इसी बीच उदित मिश्रा के पिता रामसुफल मिश्रा, आदित्य मिश्रा दोनो हाथ मे डण्डा व प्रहलाद सिंह लोहे की पाइप से मुझसे मारपीट करने लगे। इसी बीच मैं और पिताजी घर के अंदर भागे तो चारो घर मे घुसकर मारपीट किये। हल्ला सुनकर पड़ोसी लक्ष्मण गुप्ता व राजकुमार मिश्रा आकर बीच बचाव किये। इस दौरान चारों बोल रहे थे कि आज तो बच गये अगर दोबारा मिले तो जान से खत्म कर देंगे। मारपीट से फरियादी को बायें हाथ की भुजा, दाहिने हाथ की कलाई, पिता के नाक, सिर मे चोट आई है वही भांजे प्रशांत को गर्दन मे पीट चोट पहुंची है। शिवकुमार मिश्रा की शिकायत पर आरोपी उदित मिश्रा, प्रहलाद सिंह, आदित्य मिश्रा, रामसुफल मिश्रा के विरूद्ध अपराध धारा 296, 115 (2), 351 (3), 3 (5), 331 (6) बीएनएस कायम कर पुलिस विवेचना कर रही है।

### लहसुना में संभाग स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन 16 अक्टूबर को

**अनूपपुर।** संभाग स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत लहसुना के शासकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। शिविर में शहडोल संभाग के कमिश्नर श्रीमन शुक्ला, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित संभाग, जिला व विकासखण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहकर जन समस्याओं की सुनवाई कर प्रकरणों का निराकरण कराएंगे। शिविर में ग्राम पंचायत लहसुना सहित पोंड़ी क्रमांक 01, सिघौरा, खोड़री एवं सुलखारी सहित आसपास के ग्रामों के नागरिकगण सम्मिलित हो सकेंगे। शिविर के माध्यम से नागरिकों को हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में जन स्वास्थ्य कैम्प, पशु चिकित्सा कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। शिविर में राजस्व संबंधी प्रकरणों, कृषकों आदि की समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। शिविर का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों से अपील जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

# कलेक्टर ने ली पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्व निधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नल जल की जानकारी



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में सीइओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम शहपुरा श्री एश्वर्य वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम बजाग श्री आर.पी. तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने बैठक में अंकुर अभियान, उज्जवला योजना, वनाधिकार पट्टा वितरण की समीक्षा की और पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि के संबंध में जानकारी ली।

# कृषि तकनीकी पखवाड़े का आयोजन कर कृषकों की दी जा रही जानकारी



**डिंडौरी।** खरीफ सीजन 2024-25 समाप्ति की ओर है एवं रबी सीजन की तैयारी कृषकों द्वारा प्रारंभ की जा चुकी है। कृषकों को अधिक से अधिक विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं रवी सीजन की तैयारी की उद्देश्य से विकासखण्डवार, ग्रामवार कृषि तकनीकी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों में विकासखण्ड मेंहदवानी के ग्राम पारापानी, भुरखा, खम्हरिया, राघोपुर, पण्डरीटोला, बहादुर, गुझियारी, विकासखण्ड करंजिया के ग्राम बरनई, रूसा, करंजिया, रैतवार, मेढ़ाखार विकासखण्ड शहपुरा के ग्राम अमेरा, बड़झर, कोहानी देवरी, गुरैया, बरगांव, बिजौरी में एवं इसी तरह अन्य विकासखण्डों में भी कृषि पखवाड़े का आयोजन किया गया है। आयोजित पखवाड़े में कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा कृषकों के साथ रबी की तैयारी जैसे- बीजोपचार, कीटव्याधी से रोकथाम, संतुलित उर्वरकों का उपयोग इत्यादि जानकारी साझा की गयी। धान के साथ-साथ अब न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल का भी उपार्जन किया जाएगा, इन फसलों के उपार्जन हेतु अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिये कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है।

# राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने राजस्व के विभिन्न बिन्दुओं पर राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली व नक्शा तरमीम और ईकेवाईसी के लंबित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक लंबित कार्य की स्थिति का प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि पटवारी अपने क्षेत्र में निरंतर निरीक्षण करें। लापरवाही की स्थिति में संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने एसएलआर को राजस्व अधिकारियों के साथ त्रुटिपूर्ण नक्शों को दुरूस्त करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान में जिले की रैंकिंग बेहतर करने के लिए निरंतर कार्य जारी रखें और प्राप्त लक्ष्यों को पूरा करें।

# राज्य मिलेट मिशन योजनान्तर्गत आयोजित किये जा रहे प्रशिक्षण



**डिंडौरी।** जिले में श्री अन्न की उन्नत तकनीकी से खेती, प्रसंस्करण एव मूल्य संवर्धन की जानकारी कृषकों को प्रदाय करने के उद्देश्य राज्य मिलेट मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों में विकासखण्ड डिण्डौरी के नयेगांव, सारसताल, नुनखान, घुसिया एवं विकासखण्ड शहपुरा के ग्राम गपेया, छपरा, मोहनी माल, खैरभगद, गजवाहर एवं विकासखण्ड मेंहदवानी के ग्राम चौवीसा में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। उक्त प्रशिक्षणा में किसानों को श्री अन्न (मिलेट्स) की उन्नतशील किस्म, उन्नत तकनीकी, बाजार की मांग, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के बारे में जानकारी प्रदाय की गई। इसी के साथ-साथ मिटटी परीक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कृषकों को डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं एनपीके कॉम्पलेक्स के उपयोग से अवगत कराया गया एवं प्राकृतिक खेती, परंपरागत खेती के लाभ एव जैविक खेती म उपयोगी खाद के बारे में सुझाव दिया गया।

# मेंहदवानी में हवन पूजन कन्या भोज के बाद विशाल भंडारा



**मेंहदवानी :** विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर स्थापित आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा पांडाल में शनिवार को हवन पूजन के बाद कन्या भोज कराया गया इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जहां मेंहदवानी सहित आस-पास के गांवों के श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद खिलाया गया। सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति मेंहदवानी के पदाधिकारियों के द्वारा कन्या भोज में उपस्थित सभी कन्याओं का पैर धुलवाया गया इसके बाद महावर, सिंदूर बिंदी लगाकर एवं चुनरी ओढ़ाकर उनका श्रृंगार कर पूजन किया गया। इसी तरह नजदीकी ग्राम सारसडोली कठौतिया सहित अन्य ग्रामों में शुक्रवार को हवन शांति के बाद कन्या भोज सहित भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार से सरसी सारसडोली सहित अन्य ग्रामों में चल समारोह के बाद आदिशक्ति मां जगदम्बा को विदाई देने का सिलसिला जारी हो गया है और विसर्जन किया जा रहा है। शासन प्रशासन द्वारा नर्मदा तट कोसमघाट में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अलग से कुंड बनाया गया है। जहां नायब तहसीलदार मेंहदवानी सुखमन सिंह कुलेश तथा थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे दल बल के साथ नजर बनाए हुए हैं जिससे अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

# धोखाधड़ी के फरार आरोपियों की संपत्ति की होगी

**अनूपपुर।** थाना माधवनगर में दर्ज अपराध क्रमांक 627/2024, धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के फरार निदेशकों हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन एवं सुनील अग्रवाल के विरुद्ध संपत्ति कुर्की की कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय कटनी द्वारा उद्घोषणा जारी की गई है। पूर्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए गए थे, लेकिन लगातार फरार रहने के कारण कुर्की की कार्यवाही की जा रही है।

### यह है मामला

27-07-2024 को प्रार्थी हरनीत लांबा की शिकायत पर थाना माधवनगर में मामला पंजीबद्ध किया गया था। शिकायत में आरोपी निदेशकों पर धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए गए थे। पुलिस द्वारा मामले की गहन विवेचना की जा रही है, और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा इन आरोपियों की गिरफ्तारी में सहायता देने वालों के लिए 5000 का इनाम घोषित किया गया है। बावजूद इसके, आरोपी अपने निवास और कार्यस्थल से फरार हैं।

### यह हैं आरोपी

आरोपियों मे हिमांशु श्रीवास्तव पिता रामनाथ श्रीवास्तव उम्र करीबन 54 साल निवासी बिरगांव, कैलाश नगर, जिला रायपुर, सन्मति जैन पिता देवेंद्र जैन उम्र करीबन 46 साल निवासी वार्ड नं. 02, दर लोहरिया वार्ड, कोतमा, जिला अनूपपुर, सुनील अग्रवाल पिता रामलखन अग्रवाल उम्र करीबन 48



# आशा, आशासंगिनी कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।**

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध आशा/आशासंगिनी कर्मचारी संघ के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर आशा संघ जिला अनूपपुर द्वारा धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर अनूपपुर के माध्यम से 14 अक्टूबर को सौपा गया। इस दौरान आशा संघ अनूपपुर की पदाधिकारी श्रीमती संपतिया राठौर, भामसं प्रदेश कार्यसमिती सदस्य ताराचंद यादव, भामसं के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संतोष रायकवार, जिला मंत्री सुमित बक्सरिया, कार्यालय मंत्री जवाहर साहू सहित आशा संघ अनूपपुर की सैकड़ो बहनें उपस्थित रही। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय उप महामंत्री एवं आशा आंगनबाड़ी संघ प्रभारी सुरेन्द्र पांडे का अल्प प्रवास अनूपपुर जिला में हुआ था, तभी उन्होंने 14 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी आव्हान के विषय में बताते हुये आशा वर्कर्स की समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन कार्यक्रम के विषय में जानकारी दी थी।

## दिमागी रूप से अस्वस्थ महिला पश्चिम बंगाल से पहुंची अनूपपुर

# प्रशासन की सजगता से मिला महिला को बिछड़ा परिवार



**अनूपपुर।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विनोद कुमार परस्ते द्वारा जानकारी दी गई है कि 19 सितम्बर को दूरभाष के माध्यम से नगरपालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 12 के निवासी प्रभात कुमार परस्ते द्वारा सूचना दी गई की एक महिला वार्ड क्रमांक 12 की आंगनबाड़ी के सामने शिव मंदिर के प्रांगण में बैठी है, जो सामान्य नहीं लग रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा तत्काल महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा के नेतृत्व में वन स्टॉप सेन्टर की टीम द्वारा महिला को रेस्क्यू कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में प्राथमिक उपचार हेतु भर्ती कराया गया। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय अनूपपुर से 20 सितम्बर 2024 को डिस्चार्ज के उपरांत वन स्टॉप सेंटर में प्रवेश कराया गया तथा महिला के पतासाजी हेतु काउंसलिंग की गई। महिला बांग्ला भाषा बोल रही थी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अनूपपुर में कार्यरत संजय विश्वास एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा विश्वास द्वारा महिला की काउंसलिंग की गई। जिसमें प्राथमिक रूप से यह पता चला कि महिला का नाम श्रीमती रायमुनी (महेश्वरी मुर्मू) है, जो ग्राम विचित्रपुर पोस्ट कुकई थाना केश्यारी जिला पश्चिम मिदिनापुर (पश्चिम बंगाल) की निवासी है। वन स्टॉप सेंटर के स्टाफ द्वारा उपरोक्त पते पर पतासाजी की गई। जिससे पता चला कि महिला के पति का नाम निसीकान्तो है एवं उनकी दो बेटियां हैं। वन स्टॉप सेन्टर की काउंसलर द्वारा केश्यारी थाना प्रभारी उदयशंकर मंडल से संपर्क कर उनके सहयोग से महिला से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त की गई। प्राप्त जानकारी उपरांत महिला के पति निसीकान्तो एवं बड़ी बेटी से बात की गई। तत्पश्चात 9 अक्टूबर 2024 को महिला को पुनर्वासित किए जाने हेतु टीम गठित की गई। टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग के विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक त्रिपाठी, महिला आरक्षक सुश्री शिवानी पाण्डेय एवं वन स्टॉप सेन्टर के केस वर्कर श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा की ड्यिूटी लगाई। यह टीम 11 अक्टूबर 2024 को पश्चिम बंगाल जाने हेतु रवाना हुए एवं 12 अक्टूबर 2024 को हीजली स्टेशन पश्चिम बंगाल पहुंचकर महिला रायमुनि को शक्ति सदन अधीक्षक (पश्चिम बंगाल) को सुपुर्द किया गया। महिला के अन्य राज्य, अन्य भाषी और दिमागी रूप से पूर्णतः स्वस्थ न होने के बावजूद बहुत कम समय में महिला को उसके परिवार में पुनर्वासित करने के इस पुनीत कार्य के लिए जिला पश्चिम मिदिनापुर (पश्चिम बंगाल) के वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों ने कार्य की सराहना करते हुए प्रशासन का आभार जताया है।

## हर सप्ताह बुधवार, शुक्रवार को कलस्टर स्तर पर लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

# नामांतरण एवं बंटवारा के लंबित आवेदकों का किया जाएगा निदान



### राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों का ग्राम स्तर पर संधारित होगा रजिस्टर

**अनूपपुर।**

सुशासन सरकार की प्रतिबद्धता है। जनता के बीच जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंचे, लोगों की समस्याएं सुने, उसका संतुष्टिपूर्वक समाधान सुनिश्चित करें। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाने हेतु सप्ताह में दो दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प की व्यवस्था के लिए त्रैमासिक कैलेण्डर तैयार किया गया है। निर्धारित अवधि के अलावा भी विभागीय अधिकारी तथा उनका मैदानी अमला ग्रामीण क्षेत्रों में दस्तक देकर जरूरतमंदों की समस्याओं का निराकरण आवश्यक रूप से करें। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए।

### हर बुधवार, शुक्रवार लगेंगे समस्या निवारण शिविर

सुशासन सरकार की प्रतिबद्धता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के ग्रामों के कलस्टर स्तर पर समस्या निवारण शिविर आयोजित करने की कार्ययोजना तय की है। जिसके त्रैमासिक प्रथम चरण का क्रियान्वयन के संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कलस्टर स्तरीय कैम्प में सम्बद्ध ग्रामों के समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे, जो कैम्प की मॉनीटरिंग के साथ ही जनसमस्याओं का निराकरण भी सुनिश्चित कराएंगे। संबंधित नोडल अधिकारी को कैम्प दिवस पर आवंटित पंचायत में प्रातः 9:30 पर पहुंचना होगा। तत्पश्चात संबंधित ग्राम के मैदानी अमले के साथ ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित कराना होगा। अपरान्ह में संबंधित ग्राम में जिले के वरिष्ठ अधिकारी यथा कलेक्टर, जिपं. सीईओ, एसडीएम उपस्थित रहकर आवेदकों की समस्याएं सुनेंगे व समस्या का निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

### संतुष्टिपूर्वक निदान के निर्देश

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने टीएल, सीएम हेल्पलाईन, जन आकांक्षा, जन सुनवाई, समाधान ऑनलाईन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिकायती आवेदनों का परीक्षण कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण संतुष्टि के साथ करें। उन्होंने स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य विभाग, ऊर्जा, महिला बाल विकास, शिक्षा, खाद्य, ग्रामीण विकास, राजस्व की लंबित व निराकृत शिकायतों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के फोर्स क्लोज आवेदनों का परीक्षण करते हुए अधिकारियों को समाधानकारक जवाब फीड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कई विभागों के द्वारा भविष्यात्मक जवाब फीड करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं दर्ज शिकायतों का अवलोकन करें तथा पोर्टल पर समाधानकारक जवाब फीड कराया जाए। की गई कार्यवाही की सूचना से आवेदकों को भी अवगत कराया जाए। बैठक में महिला बाल विकास विभाग के जिला समन्वयक पोषण आहार तथा नायब तहसीलदार बिजुरी को सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की जानकारी का जवाब समाधानकारक नही देने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में उपस्थित रहने वाले अधिकारी को संदर्भित बैठक की जानकारी होना आवश्यक है, बिना जानकारी के बैठक में उपस्थित रहने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### क्षेत्र भ्रमण कर करें निराकरण

बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को मैदानी अमले को अपने कार्य क्षेत्रांतर्गत सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मैदानी अमला क्षेत्र में सक्रिय रहकर जन समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। वरिष्ठ अधिकारी भी क्षेत्रीय भ्रमण कर समस्याओं का निदान करते हुए विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख को पटवारी के हल्कों का निर्धारण कर हल्के में उपस्थिति का दिवस सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### चरहाई की महारानी का चल समारोह आज

**नरसिंहपुर।** नगर के मध्य स्थित चरहाई काली मंडल की महारानी का भव्य चल समारोह आज निकाला जावेगा। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार भव्य चल समारोह शाम 4 बजे मुख्य मार्ग से होते हुये सुभाष पार्क चैराहा, बाहरी रोड, मुशरान पार्क से पुनः चरहाई काली मंडल पर समापन होगा उसके उपरांत विसर्जन के लिये प्रस्थान करेंगी। चल समारोह के दौरान धर्म प्रेमी जनों द्वारा माता रानी का पूजन अर्चन किया जावेगा।

### निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**नरसिंहपुर।** गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजमार्ग रोसरा में शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 व्यक्तियों की जांच की गई जिसमें मोतियाबिंद के 31 मरीज पाए गए शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराकर मरीजों को आवश्यक उपचार के लिए शंकराचार्य नेत्रालय झोंतेश्वर ले जाया गया। शिविर का शुभारंभ मां भगवती एवं पूज्य गुरुदेव का पूजन अर्चन के साथ किया गया। उक्त मौके पर शंकराचार्य नेत्रालय से वृंदावन सेन उमेश प्रजापति प्रशांत साहू शंकर कुशवाहा श्रीराम दुबे डॉ महेंद्र पटेल प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रामजीवन पटेल डॉ मोला कोड़े डॉ शुभम पटेल डॉ आशुतोष गुप्ता डॉ गोपाल प्रसाद जाटव स्टाफ नर्स स्टाफ सुनीता अग्रवाल विनीता साहू विनीता धुर्वे रजनीकांत कौरव राजेश निवारे नीलेश सोनी पाखी जैन आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना हेतु आवेदन 13 दिसम्बर तक

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत राज्य शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा जगन्नाथपुरी तीर्थ के लिए पात्र हितग्राहियों से 13 दिसम्बर 2024 तक आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख नियत की गई। यह यात्रा 23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक होगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्तियों, जो आयकर दाता नहीं हो और वे मप्र के निवासी हों। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के बाहर स्थित विभिन्न नाम निर्दिष्ट तीर्थ स्थानों में से किसी एक स्थान की यात्रा सुलभ कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना परिकल्पित की गई है। तीर्थ यात्रा में जाने के लिए आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में संबंधित नगर पालिका अथवा जनपद पंचायत के कार्यालय में समग्र आईडी सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। यात्रा की तिथि के दिवस यात्री को स्वयं अपने व्यय से नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन आना होगा। यात्रियों से अपेक्षा की गई है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्र, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री जैसे कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, दाढ़ी बनाने का सामान आदि साथ में रखें। यात्रा के उपरांत यात्रियों को वापिस नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर उतरना होगा। सहायता की उम्र 18 से 50 वर्ष के बीच होना चाहिये। आवेदक एक या एक से अधिक स्थानों के लिए यात्रा के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकता है, परंतु वह केवल एक ही स्थान की यात्रा कर सकेगा। यह जानकारी संयुक्त कलेक्टर नरसिंहपुर ने दी है।

### नहीं रहे राजेश पटेल

**तेंदूखेड़ा-** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा में बाबू के पद पर कार्यरत श्री राजेश पटेल का असमय दुखद निधन हो जाने पर सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

### नही रहे गणेश पटेल

**तेंदूखेड़ा-** विगत दिवस समीपी ग्राम रमपुरा के प्रतिष्ठित गणेश पटेल का निधन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंच कर अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित कर अंतिम विदाई दी गई।श्री पटेल अरविंद अनुरुद्ध सतीश पटेल के पूज्य पिताजी थे।

## खून से पत्र लिखकर प्रशासन को सौंपा, कार्रवाई मांग

# गौ हत्या पर हिंदू समाज ने जताया विरोध

नरसिंहपुर।

गत दिवस जिला मुख्यालय पर हिन्दू संगठनों द्वारा गौ हत्या के विरोध मे नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि सालीचौका चौकी क्षेत्र में गो हत्या की अमानवीय घटना के बाद हिंदू समाज और जिले के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हिंदू समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला मुख्यालय के सुभाष पार्क पर धरना प्रदर्शन किया और खून से लिखा पत्र सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कार्रवाई की मांग रखी। गौ माता के हत्यारों को गोली मारो के नारे भी लगाए।





### मामला इस प्रकार

विगत दिवस जिले के सालीचौका क्षेत्र के बाबई गांव के पास असामाजिक तत्वों द्वारा गाय की हत्या कर अलग अलग बोरी मे भर कर रास्ते मे फेंका गया जिसकी जानकारी लगते ही हिन्दू समाज मे रोष व्याप्त हो गया। जिले भर के हिंदू संगठनों ने इस घटना के विरोध में नरसिंहपुर बंद का आव्हान किया है। वही उक्त घटना को लेकर विविध हिन्दू संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। हिन्दू संगठनों द्वारा कार्रवाई ना होने पर विशाल आंदोलन की चेतावनी व उग्र प्रदर्शन की बात भी कही जा रही है। वही संगठनों द्वारा खून से पत्र लिखकर सौंपा गया। घटना की हर ओर तीव्र निंदा की जा रही है।

### आंदोलन की दी चेतावनी

सालीचैका क्षेत्र में हुई गौ हत्या गाय को काटकर सिर और पैर एक बोरी में भरकर फैके जाने से हम सभी हिन्दू समाज वर्ग के लोगों में जमकर आक्रोश व्याप्त है थाना गाडरवारा के अंतर्गत सालीचोका छोटी वावई के पास गौमाता को मार कर फेका गया है गौमाता के पैर अलग है सिर अलग है मुँह बोरी से बंधा है नवरात्री के त्यौहार पर इस तरह की घटना ने समस्त हिन्दू समाज के हृदय में अधात पहचा है जो कि हम प्रशासन से उक्त आरोपीयो पर जल्द से जल्द निष्पक्ष कार्यवाही की माँग करते हुऐ आरोपीयो को तत्काल प्रभाव से गिरफतार किया जावे नही तो हम समस्त नरसिहपुर नगरवासी उग्र प्रर्दशन करेंगे व जिला बंद संबधी प्रदर्शन करने हेतु वाध्य होगे। प्रशासन को चाहिये की ठोस कार्रवाई करते हुये आरोपियों को शीघ्र पकड़ा जाये। विरोध प्रदर्शन करते हुये अधिवक्ता जया शर्मा के निर्जला व्रत को प्रशासन द्वार आश्वासन देकर तुड़वाया गया। श्रीमती शर्मा द्वारा बताया गया कि यदि प्रशासन द्वारा जांच मे गड़बड़ी या कार्रवाई मे लेटलतीफी की तो मेरा व्रत पुनः यथावत प्रारंभ कर दूंगी।

### हिंदू समाज ने गोहत्या का किया विरोध

उक्त घटना को लेकर जिले भर मे चर्चा की जा रही है जिसे लेकर लोगो मे काफी रोष व्याप्त है आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। वही हिन्दू संगठनों द्वारा प्रशासन को पत्र के माध्यम से सूचना देकर उग्र प्रदर्शन व आंदोलन की चेतावनी दी जा चुकी है। प्रशासन को चाहिये कि अतिशीघ्र कार्रवाई करते हुये आरोपियों को पकड़ा जाये जिससे जिले मे शांति व्यवस्था कायम रह सके। नवरात्रि के पावन माह में इस प्रकार का कृत्य घोर निंदनीय है। हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि जिले में गो हत्या की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और एक गो अभयारण्य (गोशाला) की स्थापना की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। लोगों ने ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री को भी भेजी है।

### इनकी रही मौजूदगी

उक्त ज्ञापन में अधिवक्ता एवं भाजपानेत्री श्रीमती जया शर्मा , अनिकेत बैरागी, देवेन्द्र पाठक, महेन्द्र सराठे, मुकेश लोधी, दुर्गेश शर्मा, मुकेश सोनी, रमाकांत खत्री, राकेश राजपूत, सुनील सेन, वीरेन्द्र खरे, शैलेन्द्र लोधी, मुकेश सोनी सहित बड़ी संख्या विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे। घटना को लेकर पुलिस भी अलर्ट नजर आ रही है। समूची स्थिति पर अपनी नजरें जमाए हुए है। अतिरिक्त बल भी क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने तैनात किया है।




# एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नरसिंहपुर।

गत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित रासेयो छात्र एवं छात्रा इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे के मार्गदर्शन में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम के तहत रेड रन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्रों में प्रथम स्थान हर्षित चैरसिया ने तथा द्वितीय स्थान सौरव कुशवाहा ने तथा तृतीय स्थान हर्षराज जाटव ने प्राप्त किया वहीं छात्रा इकाई में प्रथम स्थान रितु ठाकुर तथा द्वितीय स्थान प्रभा चैधरी ने प्राप्त किया वहीं तृतीय स्थान अभिलाषा मेहरा ने प्राप्त किया अब वे सभी विश्वविद्यालय स्तर पर सहभागिता करेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजन में छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो.ज्योत्स्ना झारिया , सह प्रभारी प्रो. प्रीती कौरव तथा छात्र ईकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.जी.एस. मर्सकोले तथा सह-संयोजक डॉ. नरेश नेमा मौजूद रहे उन्होंने ही इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराया इस अवसर पर छात्र रोहित सिंह गोंड, राशिका चैरसिया, श्रुति गुप्ता तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहें। दलनायक वेदांत दुबे ने उन सभी प्रतिभागी विजेता छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शालेय योगासन व ओलंपियाड प्रतियोगिता का शुभारंभ

नरसिंहपुर।

गत दिवस 5 दिवसीय संभाग स्तरीय शालेय योगासन व योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का शुभारंभ असेम्बली हॉल नरसिंहपुर में हुआ। यह ओलंपियाड प्रतियोगिता 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित की जायेगी। योगासन व योग ओलंपियाड का शुभारंभ उपाध्यक्ष नगर पालिका नरसिंहपुर अजीत सिंह ठाकुर, जिला योजना अधिकारी जीके नायक, सहायक एडीपीसी दीपक अग्निहोत्री, जिला खेल अधिकारी संजय कंजर, एसके चतुर्वेदी, जिला योग प्रभारी देवेन्द्र ढिमोले, योग प्रशिक्षक संजय श्रीवास्तव, टीम मैनेजर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग के नरसिंहपुर, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट व सिवनी जिले के कुल 202 विद्यार्थी अपनी सहभागिता करेंगे, जिनमें 97 बालक एवं 105 बालिकायें शामिल हैं। यह प्रतियोगिता प्रथम चरण में जूनियर वर्ग की 17 वर्षीय बालिका से प्रारंभ हुआ। इसमें ग्रुप ए से सर्वांगासन व मत्यासन, ग्रुप बी से पूर्ण चक्रासन व कुक्कुट आसन, ग्रुप सी के 6 आसनों में से एक एच्छिक आसन व 2 एच्छिक आसन व सूर्यनमस्कार में सहभागिता की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में कंचन रजक, उदघोषक देवेंद्र कुमार ढिमोले, छिंदवाड़ा से शिक्षक तमम राय व श्रीमती रंजना कुमरे, जबलपुर से देवेंद्र मिश्रा व शिवम गुप्ता, नरसिंहपुर से रीना कहार, सिवनी से गजेंद्र बोपचे एवं वालाघाट से राजेन्द्र सहारे व सुश्री कंचन बाला ने भूमिका निभाई। परिणाम आंकलन समिति में अनुज जैन, रोहित जाटव, श्रीमती सुमित्रा ठाकुर, डॉ. अंजिता वर्मा, संदीप तिवारी व संदीप कौरव मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षक निरंजन सिंह रघुवंशी, आशीष नामदेव, इंद्रकुमार तिवारी, धनीराम मेहरा, मनीष यादव, समस्त दल प्रबंधक, कार्यरत शिक्षकगण, विद्यार्थी आदि मौजूद थे।



# सक्रिय सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

नरसिंहपुर।

गत दिवस भाजपा कार्यालय में सक्रीय सदस्यता अभियान के प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला वरिष्ठ उपाध्यक्ष निधान सिंह पटेल की अध्यक्षता में, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य में व तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व विधायक साधना स्थापक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप सिंह पटैल, वरिष्ठ नेता राव वीरेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यशाला में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन कर महापुरूषो के चित्रो पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा व रामस्नेही पाठक ने सामूहिक गीत लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि पार्टी अपने स्थापना के समय से ही हमारी दृष्टि पार्टी की सदस्यता व कार्यक्षेत्र में प्रगति की रही है कार्यकर्ताओं के प्रवास व प्रयास के कारण ही हमने सफलता प्राप्त की है




आज कार्यकर्ताओं के परिश्रम के कारण ही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ ही पुनः 10 करोड नए प्राथमिक सदस्य जोड़ने के लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है अभी तक डिजिटल रूप से सदस्य बनाये गए है अब फिजिकल रूप से सदस्यता प्रारंभ हो रही है जिसके अंतर्गत कार्यकर्ता बंदी के माध्यम से 100 सदस्य बनाकर सक्रीय सदस्य बनने की श्रेणी में पहुच जाएगा इस अभियान में हमें विशेष रूप से महिलाओं हरिजनों आदिवासियों के साथ ही अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लोगो को सक्रीय सदस्य बनाना है। कल जिले भर में महासदस्यता अभियान चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 सदस्य आवश्यक रूप से बनाना है जिससे जिला 75 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर सके। सदस्यता अभियान जिला प्रभारी ठाकुर राजीव सिंह ने सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में आज दिनांक तक 179224 प्राथमिक सदस्य बने है जिसमें नरसिंहपुर विधानसभा में 61165, गाडरवारा 49991, गोटेगांव 35610, तेंदूखेड़ा में 32458 प्राथमिक सदस्य बने है सक्रिय सदस्यता की जानकारी देते हुए बताया कि 100 प्राथमिक सदस्य बनाने वाला कार्यकर्ता ही सक्रिय सदस्य बनने हेतु योग्य माना जाएगा। दिनांक 16 से 31 अक्टूबर तक 100 रूपये का शुल्क नमो एप के माध्यम से जमा कर सक्रिय सदस्य बन सकते है दिनांक 1 से 4 नवम्बर तक सक्रिय सदस्यो की जांच होगी 5 नवम्बर को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। कार्यशाला को विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश, पूर्व विधायक साधना स्थापक व राव वीरेन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यशाला की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री डॉ. हरगोविंद पटेल ने व आभार जिला उपाध्यक्ष राहुल कौरव ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारीगण, मण्डलअध्यक्ष गण, मण्डलो की सदस्ता टोली के सदस्य उपस्थित रहे।

## पंचक नक्षत्रों में अधिकांश कार्य शुभफलदायक होते हैं -प्रमोद पचौरी

**तेंदूखेड़ा-** अश्विनी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र होते हैं। जिनमें 6 नक्षत्रों को मूल नक्षत्र की संज्ञा दी गई है। धनिष्ठा शतभिषा पूर्वाभाद्रपद उत्तरा भाद्रपद रेवती आदि पांच नक्षत्रों को पंचक कहा जाता है।पंचक नक्षत्रों में विशेष रूप से पांच कार्य वर्जित हैं। 1 काष्ठ संग्रह 2 छत डालना छप्पर करना 3 शैय्या निर्माण पलंग बनाना 4 विशेष उद्देश्य से दक्षिण दिशा की यात्रा करना 5 शवदाह आदि कार्य विशेष रूप से वर्जित है। हमारे क्षेत्र के पौरोहित्य कर्मकाण्ड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेद पुराण व्याकरण ज्योतिषाचार्य एवं ज्योतिष शिरोमणी ज्योतिष दिवाकर ज्योतिष रत्न ज्योतिष भानु आदि उपाधियों से अलंकृत पंडित प्रमोद पचैरी ने बताया कि हमारे क्षेत्र में पंचक को लेकर कई प्रकार का भ्रम समाज में व्याप्त है।



पंचकों को लेकर समाज में फैला भ्रम और गलत अवधारणा धार्मिक मांगलिक कार्यों से लेकर व्यक्तिगत तथा सामूहिक सभी कार्यों में पंचकों को लेकर लोगों में कई भ्रांतियां हैं। जबकी हमारे धर्मशास्त्र मुहूर्त ग्रंथों के अनुसार जन्म के पूर्व गर्भाधान पुंसवन सीमंत आदि संस्कार से लेकर जन्मोपरांत जात कर्म नामकर्म सूतिका स्नान दोलारोहण नचूड़ाकरण अन्नप्राशन कर्णवेध क्षौरकर्म मुंडन विद्यारम्भ उपनयन यज्ञोपवीत संस्कार कन्यावरण वर - वरण विवाह संस्कार आदि सभी कार्यों में पंचकों के अधिकांश नक्षत्र लिए गए हैं।पूजन पाठ अनुष्ठान देव प्रतिष्ठा यज्ञ हवन आदि धार्मिक कार्य ग्रहारम्भ गृह प्रवेश वाहन क्रय विक्रय व्यापार मशीनरी यात्रा आदि के मुहूर्त में भी पंचकों के धनिष्ठा उत्तराभाद्रपद रेवती आदि नक्षत्रों का ग्रहण किया जाता है।लेकिन कुछ क्षेत्र विशेषों में पंचकों को लेकर गलत अवधारणा बनी हुई है कि इसमें कोई शुभकार्य नहीं करना चाहिए जबकि धनिष्ठा के उत्तरार्द्ध से रेवती नक्षत्र तक माने जाने वाले पंचकों में कुछ नक्षत्र सभी धार्मिक कार्यों के लिए लाभदायक और श्रेयष्कर होते हैं।

## आपसी रंजिश में चली गोली

**नरसिंहपुर।** जिले के तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत डोभी गांव में रंजिश के चलते मनोज दुबे नाम के युवक ने आशीष कुशवाहा नाम के युवक पर गोली चला दी। घटना सोमवार की है। गनीमत थी कि गोली आशीष के कान को छूते हुए निकल गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवकों के बीच रंजिश चल रही थी। मनोज दुबे का आरोप है कि आशीष कुशवाहा उसकी बहन से लगातार बातचीत कर रहा था। इसे लेकर एक माह पहले भी विवाद हुआ था, लेकिन आशीष ने बातचीत जारी रखी, जिससे आक्रोशित होकर उस पर गोली चला दी। घटना के बाद आशीष ने भी लाठी-डंडों से मनोज पर हमला किया। इस घटना से गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि 23 तक

**नरसिंहपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में तीन वर्षीय डिप्लोमा में पहला इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन, दूसरा कम्प्यूटर साइंस व तीसरा मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में रिक्त सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया चालू है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन पाठ्यक्रमों में 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण छात्र- छात्रायें अपने सभी दस्तावेजों के साथ संस्था में उपस्थित होकर सीधा प्रवेश ले सकते हैं। आईटीआई उत्तीर्ण हो चुके विद्यार्थी लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जो रूक जाना नहीं योजना अंतर्गत 10 वीं या 12 वीं उत्तीर्ण हो गये हैं, परंतु प्रवेश प्राप्त नहीं कर पाये वह भी प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयदशमी उत्सव

तेंदूखेड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तेंदूखेड़ा की केशव बस्ती के द्वारा अपना विजयदशमी उत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री दीपक शेकटकर खंड संघचालक एवं मुख्य वक्ता श्री अशोक किरार खंड बौद्धिक प्रमुख उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा के माध्यम से स्वयंसेवक शारीरिक मानसिक विकास तो होता ही है साथ ही वह खेल खेल में सम मानव जीवन में काम आने वाले ऐसी अनेक गुण सीख जाता है जिससे उसके जीवन में बहुत से परिवर्तन आते है आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयदशमी उत्सव के साथ ही अपने 100 वर्ष में प्रवेश कर रहा है संघ की शक्ति किसी को डराने के लिए नहीं अपितु सज्जनों की रक्षा के लिए है हिंदू समाज के संगठन के लिए कार्य कर रहा है संगठन आज भारत ही नहीं विदेश में भी कार्य कर रहा है संघ के स्वयंसेवक आज अनेक स्थान पर बैठकर इस राष्ट्र की निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। समाज और संघ एक दूसरे के पूरक है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संचलन में युवा स्वयंसेवक देशभक्ति से ओत प्रोत गीतों के माध्यम का गायन करते हुए बस्ती के प्रमुख मार्गो से निकाला गया।

